षोडश

बिहार विधान-सभा

द्वितीय सत्र

तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 12 फाल्गुन, 1937 (श0) / 02 मार्च, 2016 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 147

(1) ग्रामीण कार्य विभाग	-	-	72
(2) पथ निर्माण विभाग	-	-	28
(3) ग्रामीण विकास विभाग	-	-	03
(4) जल संसाधन विभाग	-	-	28
(5) लघु जल संसाधन विभाग	-	-	11
(6) श्रम संसाधन विभाग	-	-	03
(7) भवन निर्माण विभाग	-	-	01
(8) पंचायती राज विभाग	-	-	01
		कुल योग —	147

आई०टी०आई० खोलना

*251. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के धमदाहा अनुमंडल में आई०टी०आई० नहीं रहने के कारण कौशल विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार धमदाहा में आई०टी०आई० खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*252. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखण्ड के ग्राम टिकुली टोला में पंडई नदी से निकले सोती पर पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे उक्त प्रखंड के लोगों को चीनी मिल, नरकटियागंज एवं अनुमण्डल कार्यालय, नरकटियागंज पहुँचने में 15 कि०मी० की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सोती पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ड्रेनेज का जीर्णोद्धार

*253. श्री दिनेश चन्द्र यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पूर्वी कोसी तटबंध के सटे-सटे पूर्वी भाग में सीपेज एवं नहरों के अतिरिक्त पानी के कारण लाखों एकड़ जमीन में जलजमाव रहने से किसान खेती नहीं कर पाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र से जल निकासी के लिये तीन दशक पूर्व ड्रेनेज का निर्माण किया गया था, जो अब मिट्टी से भर गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ड्रेनेज का जीर्णोद्धार कर जल निकासी कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन सुनिश्चित करना

*254. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखण्ड अंतर्गत एन०एच० 28 पीपरा चौक से भेरिहवा तक की 12 कि०मी० सड़क काफी जर्जर एवं चासी टोला का पुल क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़क एवं पुल को ठीक कराकर आवागमन सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घोषणा का क्रियान्वयन

*255. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 दिसम्बर, 2015 को प्रकाशित समाचार "ग्राम कचहरी को नहीं मिले चौकीदार" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में ग्राम कचहरियों की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिये इनसे चौकीदारों को सम्बद्ध कराने की व्यवस्था की घोषणा सरकार द्वारा 13 दिसम्बर, 2013 को की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में अबतक ग्राम कचहरियों से चौकीदारों को सम्बद्ध नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड-1 में वर्णित घोषणा के क्रियान्वयन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*256. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के कुमरामा मोड़ से टाढ़ी पथ पाँच वर्ष पूर्व एन०बी०सी०सी० द्वारा बनाया गया था, जो टूट कर जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*257. श्री सतीश साव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के किशनपुर पंचायत के ग्राम बाबा चौक से कुम्हारा मधु टोला होते हुये धमरा हाट में उतर जाने वाली सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लुईस गेट का निर्माण

*258. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के मेहतरपट्टी गाँव में कमला नदी पर काली मंदिर के निकट स्लुईस गेट नहीं रहने के कारण वहाँ किसानों को सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्लुईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क पूर्ण कराना

*259. श्री रामचंद्र सहनी — क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत पताही प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2012-13 में L026 योजना से सुगनी ([illegible]) 2.00 कि०मी० सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होने के कुछ माह बाद संवेदक द्वारा कार्य बंद कर देने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के अधूरे कार्य को पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*260. श्री राजेश कुमार — क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा, [illegible] रोड के पीपरा ग्राम में बतरे नदी पर पक्की पुल के [illegible] पुल नहीं होने से नागरिकों को [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], कुटुम्बा, [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] और औरंगाबाद विधान सभा के [illegible] के [illegible] प्रखंड के लोगों का बरसात के दिनों में आवागमन पूर्णतः बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*261. श्री नौशाद आलम — क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत बंगाल सीमा सुखानी मध्य में ठाकुरगंज तक सड़क का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग द्वारा कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर मेची नदी पर पुल निर्माण हेतु विभाग द्वारा डी०पी०आर० दो वर्ष पूर्व ही समर्पित किया गया है, किन्तु आवश्यक पुल निर्माण की दिशा में कोई प्रगति नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

नलकूप की मरम्मती

*262. श्री समीर कुमार महासेठ — क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के सरिसबपाही पूर्वी पंचायत के ईशहपुर राजकीय नलकूप बंद है जिसका मोटर खराब है तथा उक्त पंचायत के [illegible] सुभेश नलकूप भी खराब है, जिससे किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सरिसबपाही पूर्वी पंचायत के ईशहपुर राजकीय नलकूप एवं [illegible] सुभेश नलकूप की मरम्मती कराते हुए इन्हें चालू करना चाहती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*263. श्रीमती लाली सिंह – क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के के० नगर प्रखंड में कोठीघाट पर पुल निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कोठीघाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*264. श्री मुजाहिद आलम – क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड के मालन चौक से बरचट्टा पथ निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण सड़क है, जो किशनगंज जिला मुख्यालय को पूर्णियाँ जिला सीमा से जोड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के संकीर्ण (कम चौड़ा) होने के कारण दुर्घटनाएँ होती रहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*265. श्री मनोहर प्रसाद सिंह – क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत चैनपुर ग्राम पंचायत में बरनाडो के निकट भुतहाबाड़ी नदी पर पुल नहीं रहने से लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों;

सम्पर्क पथ बनाना

*266. श्री मनोहर प्रसाद सिंह – क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत जंगलटोला ग्राम पंचायत के पश्चिम में श्रीमय के पास आर०सी०सी० पुल बना हुआ है, किन्तु सम्पर्क पथ के अभाव में आम जनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सम्पर्क पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*267. <u>श्री सुरेश कुमार शर्मा</u>: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी प्रखण्ड अन्तर्गत पताही पंचायत में राष्ट्रीय उच्च पथ 102 रेवा रोड से महम्मदपुर जाने वाली पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वितरणी का उड़ाही एवं पक्कीकरण

*268. <u>श्री वशिष्ठ सिंह</u>: क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रसूलपुर वितरणी एवं करगहर वितरणी का दोनों तट क्षतिग्रस्त हो गया है एवं मिट्टी से भर गया है जिससे इस वितरणी का अधिकांश पानी बर्बाद हो जाता है और अंतिम छोर के कृषकों को पानी नहीं मिलने से पटवन नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रसूलपुर वितरणी एवं करगहर वितरणी का उड़ाही एवं पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*269. <u>श्री हरिनारायण सिंह</u>: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के नगरनौसा प्रखण्ड अन्तर्गत नगरनौसा कल्याण बिगहा लोक निर्माण पथ के पुसहोला से ग्राम चमरबा तक जिसकी लम्बाई लगभग तीन (3) कि०मी० है का निर्माण मुख्य मंत्री सम्पर्क सड़क योजना से विगत पाँच (5) वर्ष पूर्व हुआ है, जो जर्जर हो गया है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*270. <u>श्री अभय कुमार सिन्हा</u>: क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखण्ड में रुपसपुर पंचायत अन्तर्गत धाव नदी पर रुपसपुर भेलन पुल का निर्माण पुल निर्माण निगम द्वारा हो चुका है, परन्तु भेलन गाँव से पुल तक सड़क नहीं बनने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भेलन गाँव से पुल तक पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अधिग्रहण कर पुनर्निर्माण कराना

*271. श्री ललित कुमार यादव : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के मुरिया से सोनकी, नैनाघाट मस्जिद से रामपुर शास्त्री चौक तक की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित है तथा उक्त सड़क विगत 3 वर्षों से जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*272. श्रीमती गुलजार देवी : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड के कोसी एवं कमलहुआ गाँव के बीच भुतही नदी पर पुल नहीं रहने से कमलहुआ एवं बिशनपुर गाँव के निवासियों को कोसी बाँध पर आने जाने में नाव का सहारा लेना पड़ता है, जिसमें हमेशा खतरा की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पुनर्निर्माण

*273. श्री केदारनाथ सिंह : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा अनुमंडल को सीधे जिला मुख्यालय से जोड़नेवाली छपरा-मढ़ौरा मुख्य पथ जर्जर है, जिस कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का अनुरक्षण करना

*274. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड के जाजोपुर जेल चौक से भाया राजखण्ड होते हुये पटेपुर, चक अब्दुलगनी की ओर जाने वाली ग्रामीण सड़क जर्जर रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण मद में अनुरक्षण की राशि रहते हुये संवेदक द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण सड़क का अनुरक्षण कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*275. श्री (डॉ०) आफाक आलम : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के मंझोली पंचायत के कुसहा गाँव के पूरब पनार नदी के ईदगाह घाट पर पुल नहीं है, जिससे आम लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ईदगाह घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*276. श्री शकील अहमद खाँ : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के सीनगर पंचायत के गोशलगंज से मंझौड़ जाने वाली सड़क में (वार्ड नं०-11), ग्राम सिमरा में अनिस इमाम के घर के पास बाँध के पश्चिम तथा महादलित टोला भगतपुर होते हुए ग्रामीण दलान तक सड़क में पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*277. श्री राम सेवक सिंह : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड हथुआ के ग्राम पंचायत राजवरी राजपाल के ग्राम बड़ी मलकान में वर्ष 2007-08 में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से पुल का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों ओर सम्पर्क पथ नहीं बनने के कारण आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अधिग्रहण

*278. श्री अमित कुमार : क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखण्ड के भरहा बाजार से रामपुर पथ, भरहा पुल से धुमनगरी टोला पथ एवं सुप्पी प्रखंड के मधुरापुर से कोठियार ग्राम होते हुए बिशनपुर पथ, ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है, जिसमें राशि की कमी के कारण समय पर मरम्मती कार्य नहीं हो पाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करते हुए मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सम्पर्क पथ बनाना

*279. डॉ० सुनील कुमार : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत रहुई प्रखंड के चण्डाह गाँव से एन०एच० 31 तक सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सम्पर्क पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*280. श्री विजय कुमार मंडल : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी प्रखंड के पहरिया घाट पर बन रहा पुल सिकटी प्रखण्ड के कुर्साकांटा गाँव को जोड़ती है, जिसके 8 स्पेन में से 6 स्पेन का ढलाई कार्य वर्ष 2013 में हो चुका है, लेकिन दो स्पेन का ढलाई का कार्य शेष है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*281. श्री वशिष्ठ सिंह : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत करगहर प्रखंड में पी०आर०-28/62 सासाराम चौसा पथ सिरिसियाँ से भगवानपुर 26.08 कि०मी० एवं पी०आर० 28/73 कोचस पहुनी (कन्दुआ) पी०डब्लू०डी० पथ से समहुता तक 6.02 कि०मी० पथों का निर्माण कार्य अधूरा कर बंद कर दिया गया है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का पुनर्स्थापन

*282. श्री (डॉ०) रामप्रसाद : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सारण मुख्य नहर के बिन्दवलिया सरैया तरेन्द्र से निकलकर एक वितरणी बैकुण्ठपुर तक जाती है, जिससे अंतिम छोर तक पानी का बहाव नहीं होता है, जिसके कारण संबंधित सिंचाई नालों का अस्तित्व समाप्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वितरणी एवं इससे संयुक्त सिंचाई नालों का पुनर्स्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*283. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के तोल-ठेंगी रोड से गोंगी पथ की स्वीकृति वर्ष 2012-13 में पी०एम०जी०एस०वाई० में हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं किया गया है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पइन का जीर्णोद्धार

*284. श्रीमती कुमारी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अतरी प्रखंड में कृषकों की सिंचाई हेतु ''मैलीटाल से नैली कबीरपुर 9 नं० नाली से नरौनी, दुबैया जिरहा होते हुये म्होड़ा तक जाने वाली पइन'' बहुत ही उपयोगी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पइन की सफाई नहीं होने से अतरी एवं नीमचक बथानी प्रखंड के हजारों एकड़ जमीन असिंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषकों के सिंचाई सुविधा मुहैया कराने हेतु उक्त पइन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फ्लाई ओवर का निर्माण

*285. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार नगर निगम क्षेत्र में अत्यधिक यातायात का भार होने के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कटिहार-प्राणपुर-रौतारा हाट, एम०डी० आर० पथ के शहरी भाग, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद पथ, (चुड़ी पट्टी से दुर्गा स्थान चौक तक) पर जाम से मुक्ति हेतु फ्लाई ओवर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कैनाल की मरम्मती

*286. डॉ० रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के बरहट प्रखंड में कैरवार (कुकुरझाप) जलाशय योजना के अंतर्गत बने कैनाल कई जगह टूट जाने से किसानों की हजारों एकड़ जमीन का पटवन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कैनाल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लुईस गेट का निर्माण

*287. श्री सत्यदेव सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुर्था प्रखंड के ग्राम लरौंदा में रामरा डाँड़ी पइन पर स्लुईस गेट नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला (पइन) पर स्लुईस गेट नहीं होने से सैकड़ों एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला (पइन) पर स्लुईस गेट का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*288. डॉ० रामानंद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सदर प्रखण्ड एवं फतुहा प्रखण्ड के ग्राम मिर्जापुर एवं भगवानपुर में पुनपुन नदी पर पुल निर्माण हेतु पी०एम०जी०एस०वाई० योजनान्तर्गत एन०बी०सी०सी० लि० द्वारा दिनांक 16 अगस्त, 2010 को 4 करोड़ 55 हजार रु०, निविदा प्रकाशित हुआ परन्तु प्राक्कलन राशि कम रहने के कारण संवेदक ने भाग नहीं लिया, जिससे पुनपुन नदी पर पुल नहीं बन सका, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्तमान समय के अनुरूप प्राक्कलन बनाकर पुनपुन नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*289. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के एन०एच० 107 [illegible] से रसाढ़ जाने वाली पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का क्रियान्वयन कराना

*290. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 2007 में ही बिहार की सात नदियों को आपस में जोड़ने के निर्णय के आलोक में बकरी-नाटा, बूढ़ी गंडक, कोसी, बागमती, अधवारा, बढ़ुआ और गंगा नदी को उक्त योजना में शामिल किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन सात नदियों को जोड़ने का डी०पी०आर० भी पिछले 2 वर्ष से विभाग में बनकर तैयार है, किन्तु अभीतक उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित योजना का क्रियान्वयन कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कटाव रोकना

*291. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के सबलपुर दियारा के पूर्वी पंचायत के बाहरम गाँव एवं पश्चिमी पंचायत के पहिलवान टोला गंडक नदी के कटाव से प्रभावित है जिससे किसानों की हजारों एकड़ में लगी फसल तथा घर-बार नष्ट हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्थानों पर कटाव-रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*292. श्री [illegible] सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के शीतलपुर-गरखा-[illegible] मुख्य पथ जर्जर है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क बनवाना

*293. श्री (मो०) जवाद आलम--क्या मंत्री, निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा शहर में बढ़ते यातायात के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आरा शहर के उत्तरी छोर पर धरहरा से लेकर चन्दवा मुहल्ले तक गांगी नदी पर बाँध बना हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध का चौड़ीकरण करते हुये पक्की सड़क बनवाकर आरा शहर को जाम की समस्या से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*294. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत बथुआरा पंचायत में दुबे टोला महादलितों की बस्ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक दुबे टोला को सड़क से नहीं जोड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुबे टोला महादलित बस्ती को सड़क से जोड़ने के लिये पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*295. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के मधुबन में रामों देवी के घर से निरंजन जी के घर तक पी०सी०सी० सड़क का डी०पी०आर० तथा तकनीकी एवं प्रशासनिक अनुमोदन

वित्तीय वर्ष 2011-12 में किया गया था, लेकिन आजतक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है; यदि हाँ, तो उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

स्टेट ट्यूबवेल का निर्माण

*296. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अतरी प्रखंड मोहड़ा प्रखंड एवं नीमचक बथानी प्रखंड पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहाँ होने के कारण यहाँ के किसानों को वर्षा पर ही सिंचाई हेतु निर्भर रहना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्याप्त वर्षा के अभाव में इस क्षेत्र के किसानों का फसल प्रत्येक वर्ष मारा जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंचाई हेतु पहाड़ी क्षेत्र सिमौल, मई, शंकरपुर, कोसाल्पुर आदि जगहों पर स्टेट ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का सुदृढ़ीकरण

*297. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कटिहार में मुख्यमंत्री ग्राम्य सड़क योजना अन्तर्गत कटिहार प्रखंड के बढ़ैली-खैरा ग्रामीण पथ में वित्तीय वर्ष 2011-12 में 1.2 किलो मीटर पथ का निर्माण कार्य किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त पथ में 1.3 किलो मीटर अवशेष (मिसिंगलिंक) पथ का निर्माण कार्य लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के अवशेष (मिसिंगलिंक) पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*298. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में बारसोई-बिसौर पथ में गांजन में महानंदा नदी पर पुल बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पहुँच पथ के अभाव में यह पुल चालू नहीं हो पा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पहुँच पथ के रास्ते में पड़ने वाले किसानों की जमीन का मुआवजा देकर अधिग्रहण की प्रक्रिया नहीं हो सका है, जिससे वहाँ के किसानों ने रास्ते में रोड़ा लगा दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों की जमीन का मुआवजा देकर अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरा करते हुये पहुँच पथ का निर्माण पूरा कराना चाहती है, हाँ, तो, कबतक, नहीं तो क्यों ?

[illegible] योजना का निर्माण

*299 श्रीमती सावित्री देवी— क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र के [illegible] योजना का निर्माण कार्य [illegible] से [illegible] है; यदि हाँ, तो क्या सरकार निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*300 श्री प्रमोद कुमार— क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत ग्राम [illegible] से [illegible] पथ जर्जर है जबकि उक्त पथ सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पथ है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को चालू वित्तीय वर्ष में जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*301 श्री मदन मोहन तिवारी— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड [illegible] के [illegible] चौक से [illegible] तक जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का मरम्मत कार्य विगत दो दशकों से नहीं किया गया है जिससे [illegible] ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

[illegible] का निर्माण

*302 श्री दिनेश चन्द्र यादव— क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के [illegible], [illegible], [illegible] एवं [illegible] पंचायत का बड़ा भू-भाग [illegible] कोसी तटबंध एवं कमला बलान [illegible] से घिर जाने के कारण जल-जमाव से खेती के योग्य नहीं रह गया है, जिससे वहाँ के किसान भारी परेशानी में हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कोसी नदी में [illegible] का पानी निकालने हेतु पश्चिमी तटबंध के [illegible] किनारे [illegible] से [illegible] तक [illegible] बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*303 श्री प्रभुनाथ प्रसाद — क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखंड के गड़हनी से [illegible] मोड़ तक पथ काफी जर्जर है जिससे जनता का आवागमन प्रभावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएँ घटती रहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में गड़हनी से [illegible] मोड़ तक पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

*304 डॉ० विनोद प्रसाद यादव — क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल की आबादी करीब 12 लाख है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी अनुमंडल में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई०टी०आई०) नहीं है जिसके कारण सुदूरवर्ती क्षेत्रों के छात्र एवं छात्रा तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुमंडल मुख्यालय शेरघाटी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आर०ओ०बी० पुल का निर्माण

*305 श्री सरफराज आलम — क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में [illegible] पथ के कि०मी० [illegible] में स्क्रू पाईल ब्रिज है, जो काफी पुराना एवं जर्जर है तथा कई जगह पर ब्रिज में दरार भी पड़ गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में कई स्क्रू पाईल ब्रिज के स्थान पर आर०ओ०बी० पुल का निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर चालू वित्तीय वर्ष में आर०ओ०बी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण

*306 श्री प्रमोद कुमार — क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी नगर में स्थित चाँदमारी, एकौना, अगरवा, शिवनगर आदि मुहल्ले एवं वार्ड सं० 25, 26, 27, 33, 34 धनौती नदी के किनारे बसा हुआ पुराना मुहल्ला है;

(2) क्या यह बात सही है कि धनौती नदी के दोनों किनारे सिंचाई विभाग का बाँध जो वर्षों पूर्व बना हुआ था, जिसके ध्वस्त होने के कारण हल्की बारिश पर भी धनौती नदी का पानी उक्त मुहल्लों में प्रवेश कर जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मुहल्ला के पश्चिम सुरक्षात्मक बाँध बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*307. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क के खोरिया, दुमदुमा टोला से धनसिया, बरूना, टोडरपुर सड़क की लम्बाई 10 कि0मी0 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में बरूना गाँव से टोडरपुर गाँव तक 1.5 कि0मी0 सड़क नहीं बना है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क बन जाने से एन0एच0 30 परसथुआ की दूरी 5 कि0मी0 कम हो जायेगी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क कार्य पूर्ण कराना

*308. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रामगढ़वा प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रामगढ़वा से सुखी सेमरा तक सड़क जिसकी लम्बाई 5.000 कि0मी0 तथा पैकेज नं0 बीआर 11आर 039 का निर्माण कार्य एम/एस [illegible] कन्स्ट्रक्शन द्वारा वर्ष 2010 में शुरू किया गया, परन्तु कार्य प्रारंभ होने के कुछ ही माह के बाद कार्य बंद कर दिया गया है जिससे आवागमन में आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*309. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत धनहा पंचायत के सिमरी टोल से धनहा होते हुये राजपूत चौक तक वर्ष 2014-15 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क का निर्माण हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि धनहा ग्राम में पोखर के कटाव से 200 फीट सड़क कट जाने से आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धनहा ग्राम में पोखर किनारे प्रोटेक्शन वाल बनाकर सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

*310. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के तिरहुत मुख्य नहर के 536.39 आर0डी0 (एल) से निकलने वाली 70 आर0डी0 का मेहसी वितरणी क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को पटवन का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मेहसी वितरणी नहर के पेटी का आर0सी0सी0 कार्य कराकर किसानों को पटवन की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*311. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड में पाइन नदी के बसाढ़ी गाँव के सामने पुल नहीं होने के कारण आम जनता को प्रखंड मुख्यालय में पहुँचने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*312. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड में बहेरी घाट नदी के ग्राम-मोचरक दुराग के सामने पुल नहीं होने के कारण आम जनता को जिला मुख्यालय पहुँचने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव को रोकना

*313. श्री तौसीफ आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान, किशनगंज जिलान्तर्गत महानंदा नदी के किनारे अर्राबाड़ी में स्थापित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय को कटाव से बचाने हेतु महानंदा नदी में महाविद्यालय कैम्पस से सटे किनारे में कटाव रोधक कार्य किया गया है, परंतु दूसरे किनारे में कटाव रोधक कार्य नहीं होने के कारण महानंदा के धार से ठाकुरगंज प्रखंड के निचितपुर से मोहदपुर होते हुये संकन्द्रारी तक भीषण कटाव हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निचितपुर से संकन्द्रारी तक महानंदा नदी पर सुदृढ़ कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*314. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड में दरियापुर से ग्राम-शहजादपुर तक बरसात में हरुहर नदी के भीषण कटाव से उक्त दोनों गाँवों के दर्जनों घर प्रभावित हैं जिससे नदी किनारे बसे लोग बरसात में अपना घर छोड़कर जाने के लिये मजबूर होते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-दरियापुर से शहजादपुर तक नदी किनारे सुरक्षा बाँध बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*315. डॉ० रविन्द्र यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के झाझा प्रखंड अन्तर्गत केशोपुर-धमना पथ एवं लक्ष्मीपुर-धमना पथ के बचे हुये भाग, जो धमना से शीतलपुर होते हुये जमुई-झाझा पथ को जोड़ता है, जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घाट पर पुल बनाना

*316. श्री अचमित ऋषिदेव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के महुआ पंचायत के महुआ ग्राम में कमला धार के दोगछा घाट पर पुल नहीं रहने से महुआ पूरब, महुआ पश्चिम, बसैटी, गुणवंती, धोबनिया, काला बलुआ एवं कोशिकापुर पंचायत 25,000 आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*317. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के फुलवरिया प्रखंड के ग्राम-बैरागी टोला देवी स्थान से सोनगढ़वा जानेवाली पथ में दुल्लापुर कियरणी नहर में अभीतक पुल का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुल का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*318. डॉ० शकील अहमद खाँ—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के छपरसिया पंचायत के मिरजापुर से मोहना गाँव के बीच गोआ धार पर छपरसिया से बनगामा संथाली के बीच संतोला धार पर एवं नरगदा से कमोली के बीच मोजा धार पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छिलका का निर्माण

*319. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के बल्लोपुर पंचायत अन्तर्गत सोमे नदी में चुटिया बाँध के निकट छिलका का निर्माण नहीं होने से बरसात में जल संचय नहीं हो पाता है जिससे किसानों की फसल की सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सोमे नदी में चुटिया बाँध के निकट छिलका का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क का निर्माण

*320. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के जम्हरा पंचायत के भद्दी गाँव के दुर्गा स्थान से सुपनियाँ, बहादुरपुर पुल होते हुए मोकमा, पचलखा नहर तक की सड़क जर्जर है, जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भद्दी गाँव से पचलखा नहर तक पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*321. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित महरैल एवं कनकुआ पुनर्वास के वासिन्दों को कोसी बाँध पर आने-जाने के लिये 1 कि0 मी0 कच्ची सड़क है, जिससे वहाँ के निवासियों को बरसात के मौसम में घर से निकलने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बसावटों को रूरल कोर नेटवर्क में सम्मिलित कर कच्ची सड़क पर पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*322. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के शेरघाटी-गया भाया चेरकी पथ में 25वें कि0 मी0 में शेरघाटी प्रखंड के बिताब गाँव के पास नदी में पुलिया क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलिया के क्षतिग्रस्त रहने के कारण उसपर से भारी वाहनों का आवागमन बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी-गया भाया चेरकी पथ में स्थित उक्त पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवास बनाना

*323. श्री नारायण प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन एवं बैरिया प्रखण्ड के सभी पंचायतों में 500 बी०पी०एल० परिवारों के लिये वर्ष 1990 में इंदिरा आवास बनाया गया था, जो जर्जर हो गया है तथा उक्त परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे गुजर-बसर कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर इंदिरा आवास के स्थान पर नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*324. श्री महेश्वर प्रसाद यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड में कुल 41 राजकीय नलकूप हैं, उक्त सभी नलकूप विद्युत दोष एवं नाला के अभाव में बंद हैं और सिंचाई कार्य नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बन्द नलकूपों को चालू कराने के साथ-साथ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बराज की उड़ाही

*325. श्री समीर कुमार महासेठ—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड के पिपराही, लक्ष्मीनियाँ गाँव के बीच बलान नदी पर स्थित भुतही बराज उड़ाही एवं रख-रखाव के अभाव में किसानों के लिये अनुपयोगी हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बराज की उड़ाही एवं समुचित रख-रखाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

